an>

Title: Need to provide passenger facilities at railway stations at Latehar, Barwadih and Tori in Jharkhand and develop the stations as model stations.

श्री सुनील कुमार सिंह (चतरा) ः रेलवे द्वारा यात्री सुविधाओं में विस्तार की घोषणा के बावजूद जिला मुख्यालय लातेहार का रेलवे स्टेशन अब तक उपेक्षित ही है, फलतः इसकी स्थिति दयनीय बनी हुई है। पूर्व में भी पत्र द्वारा तथा संसद में रेल बजट पर भाषण करते हुए मैंने उक्त स्टेशन पर यात्री सुविधाओं की दयनीयता के संबंध में मंत्रालय का ध्यानाकर्षण किया था। यहां पर अनिवार्य सुविधाओं यथा बिजली, पेयजल, बैठने के लिए बेंच, शौचालय, प्रतीक्षालय एवं पूछताछ केन्द्र बगैरह की कमी है।

स्मरण कराना चाहता हूँ कि रेल मंत्री जी ने दिनांक 20.02.2016 को पत्रांक 77 के माध्यम से लातेहार एवं इसके अलावा मेरे संसदीय क्षेत्र के बरवाडीह और टोरी रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं में प्राथमिकता देने का आश्वासन दिया गया है। उल्लेखनीय है कि लातेहार जिस रेलखंड पर अवस्थित है, उसी में सेन्ट्रल कोल फिल्ड्स लि. का बरकाकाना पूक्षेत्र पड़ता है जहां से भारी मात्रा में कोयले के परिवहन के मद में रेलवे को भारी आय होती है। स्वयं लातेहार जिले के रेलवे स्टेशन कोयला, बॉक्साइट की ढुलाई के माध्यम से प्रचुर मात्रा में राजस्व देता है।

अतः मेरा रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि लातेहार, बरवाडीह और टोरी रेलवे स्टेशन को मॉडल स्टेशन बनाने की दिशा में कार्य करें तथा अविलंब यात्री सुविधाएं उपलब्ध करवाने की व्यवस्था करायें।